तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023



11 जनता का भरोसा और विश्वास बनाए रखना मेरी प्राथमिकता



12 अयोध्या से पहुंचा अक्षत कलश नगर में निकाली शोभायात्रा







हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023

सामान्य कूपन 27 दिसंबर 2023

कूपन नं. 16


# क्षेत्र में कोहरे का असर, वाहन चालकों को नहीं दिख रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

क्षेत्र में मंगलवार सुबह 5 बजे से लगातार कड़ाके की ठंड के साथ कोहरे की धुंध सुबह 9 बजे तक छायी रहती है। इससे वाहन चालकों तथा राहगीरों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ी। सुबह से ही कड़ाके ठंड के साथ कोहरे ने दस्तक दी। इससे लोगों की दिनचर्या पर काफी प्रभाव पड़ा। सुबह से ही गिधौरी क्षेत्र के चारों तरफ एक अलग नजारा था और कश्मीर की तरह मौसम अपने कोहरे बिखरे हुए थे और लोगों के लिए भी एक आकर्षक बना रहा। मौसम अनुकूल के साथ घना कोहरे से वाहनों की आवाजाही की रफ्तार धीमी हो गई थी, क्षेत्र में पिछले कई दिनों से ठंड शुरू होने से लोग आलव का सहारा ले रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में सभी स्थानों में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दी है। छत्तीसगढ़ के कई ईलाके में घना कोहरा छाया है और सुबह-सुबह बर्फीले हवा के कारण शीतलहर की भी संभावना है। लोगों को गर्म कपड़े एवं आलव लेना एवं ठंड से सतर्क रहने की जरूरत है।

संभवतः 29 दिसंबर को बनने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव हो सकता है। बीते चौबीस घंटे में शहर में रात को ठंड का प्रभाव कम हुआ है। वहीं दिन का तापमान दो डिग्री ज्यादा होने से धूप में थोड़ी तेजी नजर आई। अगले चौबीस घंटे में तापमान में थोड़ी गिरावट आने के आसार बन रहे हैं।

## वाहनों की आवाजाही की रफ्तार घटी, लाइट के सहारे चल रहे



### पूरब की हवा नहीं उतरने दे रही पारा

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के बाद भी हवा की दिशा पूर्वी होने की वजह से रात के तापमान में बड़ी गिरावट नहीं हो पा रही है। मौसम में बड़ा बदलाव चार दिन बाद ही होने की गुंजाइश बन रही है तब तक ठंड का प्रभाव कभी कम कभी ज्यादा वाली स्थिति में रहने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पश्चिम से आने वाली हवा आपेक्षाकृत गर्म है, जिसकी वजह से तापमान में बड़ा बदलाव नहीं हो पा रहा है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में रात का तापमान नारायणपुर में 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं बलौदाबाजार में रात का पारा 14 दर्ज किया गया है। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव भले ही खत्म हो गया है, मगर हवा की दिशा में बदलाव नहीं हुआ है, जिसकी वजह से यहां ठंड असर नहीं दिखा रही है, जबकि उत्तरी राज्यों में शीतलहर के हालात बने हुए हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले तीन दिन तक मौसम में किसी तरह का बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

## खबर संक्षेप

### शराब खरीदने गए युवक को बंधक बनाकर मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक युवक ने शराब दुकान के दो कर्मियों के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खम्हारडीह निवासी ललित सिन्हा ने शराब दुकान के सुपरवाइजर चंद्रप्रकाश चौहान तथा सेल्समैन विजय गोयल के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। ललित ने पुलिस को बताया कि शराब दुकान के दोनों कर्मचारी शराब दुकान के अंदर शोर मचा रहे थे। मना करने पर दोनों कर्मचारी उसे गोदाम के अंदर बंधक बनाकर ले गए और उसके साथ मारपीट की। घटना कटोरा तालाब अंग्रेजी शराब दुकान की है।



### अकारण गाली गलौज चाकू से किया हमला

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके साथी के खिलाफ अकारण गाली-गलौज कर मारपीट कर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेंद्र नगर निवासी राहुल राव ने आसिफ तथा उसके साथी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने पुलिस को बताया कि आसिफ तथा उसके साथी उसके बड़े भाई नितेश का रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और उसके भाई की जांघ पर चाकू से हमला कर दिया।



### गाड़ी चलाने के विवाद में मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक ऑटो चालक ने एक बाइक चालक तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। साबिर अली ने वीरेंद्र यादव तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। साबिर ने पुलिस को बताया कि वीरेंद्र तथा उसके साथी ने रांग साइड बाइक चलाते हुए उसके ऑटो को ठोंक दिया और अपनी बाइक ऑटो के सामने खड़ी कर दी। इस पर साबिर ने बाइक सवार युवकों को ठीक से बाइक चलाने के लिए कहा तो दोनों ने उसके साथ मारपीट करते हुए डंडे से हमला कर दिया। घटना कांदूल रोड की है।



### डॉग को ऑक्सीजन नहीं चढ़ाने पर मारपीट

**रायपुर।** पंडरी थाने में पशु चिकित्सालय के एक कर्मी ने 3 अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुनील कुमार छदैहा ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुनील ने पुलिस को बताया कि रविवार को दो तीन अज्ञात लड़के पंडरी स्थित पशु चिकित्सालय में एक पालतू डॉग का उपचार कराने लेकर आए थे। अस्पताल आने से पहले डॉगी मर चुका था। लड़के अस्पताल कर्मी को डॉग को ऑक्सीजन चढ़ाने की मांग करने लगे। डॉगी के मृत होने की बात कहने पर लड़के भड़क गए और सुनील के साथ मारपीट की।

## जन्मदिवस पर जमकर की गई आतिशबाजी, केक काटकर मनाया क्रिसमस पर्व

# क्रिसमस की रही धूम, गिरजाघरों में आयोजित की गई प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में रविवार को प्रभु यीशु के जन्मदिन को लेकर उत्साह जैसा माहौल रहा। आधी रात को प्रभु यीशु का जन्म हुआ था। इसलिए, ठीक 12 बजे गिरिजाघरों में घंटियां बजने लगी। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। केट काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन को सेलिब्रेट किया गया। फिर बड़े दिन की खुशी में मसीही समाज के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। क्रिसमस को लेकर शहर के सभी चर्च को आकर्षक विद्युत झालरों तथा क्रिसमस ट्री से सजाया गया था।




बता दें कि हर साल 25 दिसंबर के दिन मसीही समाज प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं, जो मसीही समाज का सबसे बड़ा और खुशी का त्योहार होता है। क्रिसमस के कुछ दिन पहले से ही विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं जो नए साल के पहले दिन तक चलता है। समाज प्रमुख ने बताया कि क्रिसमस पर्व (बड़ा दिन) मसीही समाज का प्रमुख त्योहार होता है। क्रिसमस से पूर्व समाज की एक टोली समाजिक जनों के घर-घर जाकर प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव के संबंध में गीत गाए और बाइबिल का संदेश दिए। क्रिसमस के दिन चर्च में सुबह 10 बजे विशेष आराधना के बाद प्रभु यीशु मसीह का जन्म उत्सव मनाया गया। जिसमें प्रभु के जन्म से संबंधित झाकियां प्रस्तुत की गई। बाद 26 को खेलकूद प्रतियोगिता, 28 को गीत-संगीत का कार्यक्रम 31 की रात विशेष आराधना के साथ नववर्ष का स्वागत और एक जनवरी को विशेष आराधना के साथ सात दिवसीय इस पर्व का समापन होगा।



### घरों में सजी झांकी

शहर के प्रायः सभी चर्च में सोमवार को सुबह से ही मसीही समाज के लोग आए। इस दौरान वे एक दूसरे को मैरी क्रिसमस की बधाई दिए। चर्च में विशेष प्रार्थना सभा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है, जहां समाज के छोटे बच्चे तथा युवा क्रिसमस को सेलिब्रेट किए। क्रिसमस को लेकर मसीही समाज के घरों में सजावट की गई। प्रभु यीशु के जन्म प्रसंग चरनी, भेड़ व शिशु के रूप में प्रभु की झांकियां सजाई गई।

# साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति थे शहीद वीर नारायण सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

- धनेली में मनाया गया शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेली में शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस आदिवासी समाज द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश अग्रवाल एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में काफी बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए। सर्वप्रथम अतिथियों के पहुंचने के पश्चात अतिथियों का समाज की ओर से भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर सतीश अग्रवाल ने शहीद वीर नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थिति लोगों को संबोधित करते हुए सतीश अग्रवाल ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति थे। अंग्रेज हुकूमत के कुशासन के खिलाफ प्रजा के हितों के लिए उन्होंने लगातार संघर्ष किया और संघर्ष करतें हुए उन्होंने अपनी शहादत दी, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सतीश अग्रवाल एवं सुशील शर्मा ने उनको इस अवसर पर नमन किया। इस अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर समस्त कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व ग्रामीण एवं अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मंत्री बृजमोहन का गिधौरी में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल गठन के बाद कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का पहली बार जांजगीर-चाम्पा प्रवास के दौरान गिधौरी बस स्टैंड के पास सोमवार को भाजपा कार्यकर्ता एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने जमकर आतिशबाजी कर स्वागत किया। बलौदा बाजार के जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े एवं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील यदु की मौजुदगी में दिनेश जांगड़े, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शशांक शर्मा, टुण्ड्रा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजा वर्मा, आईटी सेल के संयोजक सूर्या वर्मा, रिंकू गुप्ता, सुनील गुप्ता, धनीराम पटेल, धनीराम साहू, गुलशन पटेल, शत्रुहन प्रधान, बिट्टू वैष्णव, बद्री वर्मा, राजेंद वर्मा, रमेश प्रजापति, कलेश्वर वर्मा, गोलू केवट, सुनील साहू, सुखदेव पटेल, मिंटू वर्मा, राजा साहू, विनोद साहू, कोमल पटेल, सुरज पटेल एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# कांग्रेस हमेशा देश के नवनिर्माण के लिये काम कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने नागपुर में आयोजित रैली में शामिल होने सभी लोगों से की अपील

प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी अपने स्थापना दिवस पर 28 दिसंबर को नागपुर में एक जोरदार रैली करने जा रही है। उन्होंने बताया कि रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी सहित सभी राष्ट्रीय तथा राज्य के प्रभावशाली नेता संबोधित करेंगे।



### रैली में देशभर के कायकर्ता सम्मिलित होंगे

सुरेंद्र शर्मा सहित जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रैली में शामिल होने की अपील की है। 28 दिसंबर 1885 को स्थापित कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी सहित भारत निर्माण संविधान लागू करने सहित भारतीय लोकतंत्र की आधार शिला रखी। अनेक चुनौतियों के बावजूद देश की गरीब जनता अनुसूचित जाति जनजाति और महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया। सर्व धर्म समभाव और सबके लिए समान अवसर पैदा किया। इस कारण कांग्रेस देशभर में जनमन का प्रतिनिधित्व करती है आज उसके सामने अनेक चुनौतियां हैं। देश आज बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी से जूझ रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में केंद्र की भाजपा सरकार विफल रही है। संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्ता पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। देश की आजादी के पहले नेताओं ने आजादी के लिये संघर्ष किया व शहादत दी व आजादी के बाद कांग्रेस के नेताओं ने देश के नवनिर्माण के लिये ⏩ शेष पेज 11 पर

## निकाली झांकी और श्रद्धालुओं ने बजाई ताली

# रूखमणी का विवाह बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

ग्राम सेल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिवस आचार्य पं. अनिल शुक्ला द्वारा भगवान के अनान्य विवाह प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान एक भी विवाह अपनी इच्छा से नहीं किए। रूखमणी से लेकर सोलह हजार एक आठ विवाह भगवान नारियों के सम्मान की रक्षा हेतु किए तथा इतने बड़े गृहस्थ के स्वामी होकर भी कामी नहीं बने, बल्कि वहां निकल कर भगवान योगेश्वर के पद को प्राप्त किए। यही गृहस्थ का सूत्र होना चाहिए कि गृहस्थ काम वासना की पूर्ति के लिए नहीं बल्कि योग के भावना को संपूर्ति के लिए बना है।



भगवान के संततियों का वर्णन सुनाया गया। भगवान द्वारा पृथ्वी के भार पौंड्रक, द्विविद वानर वध की कथाओं का वर्णन किया गया। पांडुओं के राजसूय यज्ञ को आयाम बनाकर भगवान पृथ्वी के सबसे बड़े भार जरासंध और शिशुपाल का उद्धार करते हैं इन कथाओं का वर्णन पश्चात भगवान के परम सखा सुदामाजी की कथाओं का मार्मिक चित्रण किया गया तथा झांकी द्वारा सजिव कथा को प्रस्तुत किया गया।

साहू परिवार में कथा श्रवण हेतु भक्तों की आपार भीड़ नित्य उमड़ रही है। इसी बीच में दीपक साहू, बंटी साहू, सोम साहू, शरद साहू, नंदकिशोर, रानू साहू, चंद्र कुमार साहू, रूखमन साहू, कुलदीप साहू, मयंक साहू, यश साहू, राहुल साहू, करन साहू, राजू साहू, चंद्र कुमार साहू, एश्वर्य साहू, भानुप्रताप साहू, रूद्र साहू, आरव साहू एवं समस्त साहू परिवार उपस्थित थे।

### तीन बच्चों को मिली श्रवण शक्ति

**रायपुर।** तीन मूकबधिर बच्चों की श्रवण शक्ति कॉक्लियर इंप्लांट की मदद से लौटा दी गई। एम्स में तीनों बच्चों का इलाज किया गया, जिसके बाद वे बाहरी दुनिया के संपर्क में आकर किसी भी तरह की चुनौती का सामना करने में सक्षम हो जाएंगे। इलाज के बाद तीनों बच्चे अपेक्षाकृत सामान्य रूप से अपनी भावनाओं को व्यक्त कर पा रहे हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ईएनटी विभाग में हाल ही में कोरिया जिले की निवासी सात वर्षीय बालिका का कॉक्लियर इंप्लांट किया गया। बच्ची के पिता किराना दुकान चलाते हैं। बच्ची शुरू से सुनने और बोलने में असमर्थ थी। बच्ची का चेकअप करने के बाद एम्स के ईएनटी विभाग के विशेषज्ञों ने इंप्लांट का निश्चय किया।


हरिभूमि पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# छग सराफा एसोसिएशन चुनाव में 60 संघों के महज 180 मतदाता चुनेंगे पदाधिकारी


हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- राजधानी रायपुर में सात जनवरी को होगा चुनाव

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का चुनाव करीब डेढ़ साल विलंब से अब जाकर नए साल में सात जनवरी को राजधानी रायपुर में होगा। एसोसिएशन के तीन पदों अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का चयन प्रदेशभर के 60 सराफा संघों के 180 पदाधिकारी मतदाता करेंगे। इसके अलावा और किसी को मतदान का अधिकार नहीं होगा। मतदाता करने वाले संघों के लिए यह जरूरी होगा कि वे शुल्क जमा कर दें। शुल्क जमा न करने वाले संघों के पदाधिकारियों को मतदाना से वंचित होना पड़ेगा। इसी के साथ संविधान में बदलाव के लिए भी आमसभा में कुछ प्रस्ताव लाने की तैयारी है। अगर प्रस्ताव को मंजूरी मिली, तो संभव है कि इस बार महज अध्यक्ष का ही चुनाव हो। प्रदेश के तीन दशक से ज्यादा पुराने छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में सीधे सदस्य को मतदान का अधिकार नहीं होता। इसमें प्रदेश के जो भी संघ हैं, उनके तीन पदाधिकारियों अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को ही मतदान का अधिकार रहता है। संघ बनाने के लिए यह जरूरी है जिस शहर में संघ बनाया जा रहा है, वहां पर कम से कम सात सराफा कारोबारी हों। अगर ऐसा नहीं है, तो आसपास के शहर, गांव से भी दूसरे कारोबारियों को मिलाकर संघ बनाया जा सकता है। प्रदेश में इस समय 60 स्थानों पर संघ हैं। इन संघों के ही पदाधिकारियों को मतदान करने का मौका मिलेगा।

### एक पद के चुनाव का प्रस्ताव

एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि इस बार चुनाव वाले दिन चुनाव से पहले होने वाली आमसभा में तीन पदों के स्थान पर एक ही पद अध्यक्ष का ही चुनाव कराने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसी के साथ कार्यकाल को भी तीन के स्थान पर पांच साल किए जाने का प्रस्ताव रखा जाएगा। अगर सभी की सहमति हुई, तो इसी बार से ही एक ही पद का चुनाव होगा।



फाइल फोटो

### एक संघ से तीन ही करेंगे मतदान

प्रदेश में हमारे जो 60 संघ हैं, उनमें से तीन पदाधिकारियों को मतदान का अधिकार है। मतदान होने की स्थिति में ये ही मतदान करेंगे।
- नरेंद्र दुग्गड़, महामंत्री, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

### इस बार मतदान के आसार

एसोसिएशन के इतिहास में करीब एक दशक पहले बिलासपुर में हुए चुनाव में मतदान की स्थिति बनी थी, अन्यथा आमतौर पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध हो जाता है। इस बार जो स्थिति बन रही है, उससे मतदान होना तय है। अध्यक्ष पद के लिए बिलासपुर से भी इस बार दावा सामने आ रहा है। इसी के साथ रायपुर के भी कुछ पदाधिकारी चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। अन्य शहरों के कारोबारी भी चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। इस बार आपसी सहमति के आसार कम नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### सामाजिक संगठनों के लिए बने आयोग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के समस्त सामाजिक संगठनों के लिए एक आयोग गठित किया जाना चाहिए। इससे सभी समाजसेवी संगठन अपने सेवाभावी कार्यों को शासन के साथ अन्य सामाजिक संगठनों से भी साझा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस आशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने पहुना में व्यक्त किए। इसी संदर्भ में ज्ञापन देते हुए काले ने कहा कि इससे शासन की अनेक जागरूकता योजनाओं को भी समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकेगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर खंगन, सचिव चेतन दंडवते, सहसचिव गीता दलाल, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, पारितोष डोनगांवकर, सुबोध टोले और रविंद्र ठेंगड़ी उपस्थित रहे।

### जल, जंगल, जमीन को बचाने हर लड़ाई को हमारा समर्थन



**रायपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही जल, जंगल, जमीन खतरे में पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि झूठे वादों के आधार पर बनी भाजपा सरकार ने अपने एजेंडे पर काम शुरू कर दिया है, जिसका पहला उदाहरण हमें हसदेव जंगल में देखने को मिल रहा है। जंगल में हो रही बेतहाशा कटाई की तस्वीर लगातार सामने आ रही है। श्री उपाध्याय ने हसदेव बचाने की हर मुहिम का समर्थन करने की बात कही। पूर्व विधायक श्री उपाध्याय ने अपने समर्थकों के साथ संविधान चौक बाबा भीमराव आंबेडकर की मूर्ति के पास हसदेव बचाने की मुहिम में आम लोगों से जुड़ने की अपील की। अपने समर्थकों के साथ उन्होंने मानव श्रृंखला बनाई। कार्यकर्ता अपने हाथों में हसदेव बचाओ मुहिम के बैनर-पोस्टर पकड़े हुए थे।

### डॉ. त्रिवेदी लीजेंड ऑफ यूथ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित



**रायपुर।** देश के होम्योपैथी डॉक्टर्स का मिलन समारोह लखनऊ में हुआ। इसमें 20 से ज्यादा राज्यों से 2500 से अधिक होम्योपैथी के ख्यातिप्राप्त डॉक्टर्स ने शिरकत की। समारोह में रायपुर के डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी को पूर्व क्रिकेट कप्तान कपिल देव के हाथों लीजेंड्री ऑफ यूथ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए डॉ. त्रिवेदी ने डॉ. नीतीश दुबे व बर्नेट होमियोपैथी परिवार का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री अश्वनी चौबे, उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, लोकसभा सांसद पंकज सिंह, यूपी के मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, नवनीत सकेरा, कवि कुमार विश्वास, हरिओम पवार, सिंगर कैलाश खेर, पवन रंजन आदि उपस्थित थे।

- बूढ़ातालाब का भव्य नजारा दिखाने की योजना रद्द

### ढांचा नहीं हटाया तो लोगों को आने-जाने में होगी दिक्कत

# क्रूज बिल्डिंग बनी नहीं, सड़क घेरकर तान दिया लोहे का ढांचा





हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- लोहे के ढांचे की उपयोगिता पर सवाल
- विभागीय अफसरों ने साधी चुप्पी

बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण योजना में दानी स्कूल की दीवार से सटकर सड़क के बीचों-बीच क्रूज बिल्डिंग बनाने खड़ा किया गया लोहे का भारी-भरकम ढांचा किसी काम का नहीं रहा। अब इसके औचित्य को लेकर ही सवाल उठने लगा है, वहीं स्मार्ट सिटी में अफसरों ने इस पर चुप्पी साध ली है, जबकि बंद सड़क को आम जनता के लिए खोले जाने पर सड़क आवागमन बाधित करने वाले भारी भरकम स्ट्रक्चर को तोड़ना पड़ेगा, जो कि सरकारी पैसे की बरबादी का एक नमूना होगा। ऐसी नौबत इसलिए निर्मित हुई, क्योंकि क्रूज बिल्डिंग बनाने की योजना को स्मार्ट सिटी ने रद्द कर दिया है। अब न वहां क्रूज बिल्डिंग बनेगी, न ही कैफिटेरिया खुल पाएगा। राजधानी के बूढ़ातालाब से चांदनी चौक को जोड़ने वाली बंद सड़क को दोबारा खोला जा रहा है। बंद सड़क को दोबारा खोलने में एक बड़ी अड़चन निर्माणाधीन क्रूज बिल्डिंग के लिए तैयार किया गया लोहे का भारी भरकम ढांचा है, जिसे सड़क के बीच कंक्रीटीकरण करते हुए खड़ा किया गया है। अब यह ढांचा किसी काम का नहीं रहा, क्योंकि हाइकोर्ट से आए फैसले के बाद रायपुर स्मार्ट सिटी ने बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण फेज 2 में क्रूज बिल्डिंग बनाने योजना को ही रद्द कर दिया है।

विदित हो, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित ठेकेदार ने परिक्रमा पथ के पाथवे में लगाए गए पेवर उखाड़कर सड़क समतल करने का काम शुरू कराया है, वहां पर कंक्रीट की सड़क बनाई जाएगी। इसी तरह बूढ़ापारा दुर्गा मंदिर के पास बिजली ट्रांसफार्मर लगे चिल्र्डन पार्क में बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूलों को वहां से हटाकर खाली जगह में शिफ्टिंग कराने मजदूर लगाए गए हैं। इस काम में 40 लाख रुपए खर्च होंगे।

### उपयोगिता अब तक तय नहीं

वहां केवल लोहे का ढांचा ही सरकारी पैसे की फिजूलखर्ची बयां कर रहा है। इसकी उपयोगिता रायपुर स्मार्ट सिटी के अफसर अब तक तय नहीं कर सके, जबकि पखवाड़ेभर के अंदर बंद सड़क को स्कूली छात्राओं और आम जनता के लिए खोला जाना तय है। रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी के आला अधिकारियों को इसके लिए पहले ही निर्देशित कर रखा है।

# नए वर्ष में शहर के 20 अलग-अलग स्थानों पर बनेंगे चेक पाइंट




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- नव वर्ष पर हुड़दंग करने वाले, नशे में वाहन चलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई
- बड़े आयोजनों और चौराहों पर रखी जाएगी सीसीटीव्ही कैमरे से नजर

नए वर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले आयोजनों को देखते हुए कलेक्टर ने सोमवार को कानून व्यवस्था की समीक्षा करने बैठक का आयोजन किया। बैठक में पुलिस के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में नए वर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले आयोजन को हर हाल में रात सवा 12 बजे तक बंद कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही हुड़दंगियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा है।

कलेक्टर ने पुलिस को तेलीबांधा, वीआईपी रोड, नया रायपुर जैसे इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के साथ निरंतर गश्त करने के लिए कहा है। साथ ही चौराहों पर जमावाड़ा लगाने वाले तथा बाइक में ट्रिपलिंग, तेज हार्न बजाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कार्यक्रम आयोजित करने वालों को मापदंड के अनुरूप आतिशबाजी करने के लिए कहा है। पुलिस अफसरों ने कलेक्टर को अपनी तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि शहर में ड्रंक एंड ड्राइव करने वाले तथा हुड़दंग करने, कानून के विपरीत कार्य करने वालों पर नजर रखने तथा कार्रवाई करने शहर में अलग-अलग जगहों पर 20 चेक पाइंट बनाए हैं। सभी चेक पाइंट पर ड्रंक एंड ड्राइव रोकने ब्रीथ एनालाइजर से जांच की जाएगी।

# बाघों की गणना के लिए फेस फॉर मॉनिटरिंग गर्मी और ठंड में लगाए जाते हैं ट्रैप कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- अचानकमार, यूएसटीआर में साढ़े सात सौ ट्रैप कैमरे लगाए गए
- ट्रैप कैमरे में बाघों के अलावा अन्य प्रजाति के वन्यजीवों की गणना की जाती है

टाइगर रिजर्व में बाघों के साथ अन्य वन्यजीवों की गणना के लिए वर्ष में दो बार ठंड तथा गर्मी में फेस फॉर मॉनिटरिंग के लिए ट्रैप कैमरे लगाए जाते हैं। राज्य के दो टाइगर रिजर्व अचानकमार तथा उदंती-सीतानदी में साढ़े सात सौ ट्रैप कैमरा लगाए गए हैं। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ की जगह अलग-अलग स्थानों पर तेंदुए के साथ अन्य प्रजाति के वन्यजीव ट्रैप किए गए हैं। कुछ इसी तरह की स्थिति अचानकमार टाइगर रिजर्व है।

वन अफसरों के अनुसार फेस फॉर मॉनिटरिंग दो माह चलेगा। इससे जंगल में रह रहे वन्यजीवों की गणना करने में मदद मिलेगी। अफसरों के अनुसार ट्रैप कैमरा ग्रेड के हिसाब से लगाए जाएंगे। ट्रैप कैमरा लगाने का काम तीन से चार चरणों में होगा। ट्रैप कैमरा किसी लोकेशन में एक सप्ताह लगाने के बाद उसे दूसरी जगह शिफ्ट कर वनों में रह रहे वन्यजीवों को ट्रैप करने के साथ उनके बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। इसके साथ ही ट्रैप कैमरे में कैद वन्यजीवों के संरक्षण, संवर्धन करने उपाय किए जाएंगे।



### बाघों के लिए एटीआर आसरा

वन अफसर अचानकमार टाइगर रिजर्व में पांच से छह बाघ होने का दावा करते हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व में मध्यप्रदेश, कान्हा से भी बाघ माइग्रेट कर आते हैं। एटीआर में गुरु घासीदास नेशनल पार्क से रेस्क्यू किए गए मादा बाघ को एटीआर में छोड़े जाने के बाद आने वाले दिनों में उस मादा बाघ के माध्यम से बाघों की संख्या बढ़ने की वन अफसरों को उम्मीद है।

### उदंती में तेंदुए की संख्या बढ़ी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक ट्रैप कैमरे में अलग-अलग लोकेशन में तेंदुए ट्रैप हुए हैं। अफसर के अनुसार उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में तेंदुए की संख्या में इजाफा हुआ है। सुरक्षा कारणों से अफसर ने तेंदुए की संख्या बताने से इनकार किया है। इसके साथ ही अचानकमार टाइगर रिजर्व में इंडियन गौर (बायसन) अलग-अलग स्थानों पर ट्रैप हो रहे हैं।

# सवा करोड़ रुपए की ठगी के मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- ठगी के आरोप में एक डायरेक्टर गिरफ्तार, दो अन्य की तलाश

विधानसभा थाना क्षेत्र में छह माह पूर्व वाटर ट्रीटमेंट करने वाले एक ठेकेदार से सवा करोड़ की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद दो अन्य की तलाश तेज कर दी है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एक स्पेशल टीम बनाई है। स्पेशल टीम फरार आरोपियों की तलाश के लिए उनके मोबाइल नंबर के आधार पर लोकेशन की जानकारी जुटा रही है।

गौरतलब है, मेसर्स अंश इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स के संचालक अजय नायर ने कंस्ट्रक्शन कंपनी मेसर्स केके स्पन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर कविश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता तथा विनोद कुमार मित्तल के खिलाफ जुलाई में ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। अजय की शिकायत के बाद पुलिस ने कविश गुप्ता को दिल्ली से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। कविश से पूछताछ के आधार पर पुलिस को शेष अन्य दो आरोपियों के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। उस जानकारी के आधार पर पुलिस ने ठगी के आरोपी हिमांशु तथा विनोद की पतासाजी तेज कर दी है।




### एसटीपी लगाने ठेका दिया था

पुलिस के मुताबिक कंस्ट्रक्शन कंपनी मेसर्स केके स्पन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टरों ने अजय को मध्यप्रदेश के चार अलग-अलग शहरों में एसटीपी निर्माण करने का ठेका दिया था। कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अजय को उन कार्यों का ठेका दिया था, जो पहले से रद्द हो चुका था। इसके लिए कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टरों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर अजय को अपने झांसे में फंसाया था। काम कराने के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टर अजय को उनके काम के अनुरूप भुगतना न कर आधा अधूरा पेमेंट किया। बकाया रकम मांगने पर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने और दूसरी साइट पर चल रहे काम के बाद पैसा देने का झांसा देकर अजय की कंपनी को और दूसरे शहरों एसटीपी लगाने एग्रिमेंट किया।

### जानकारी जुटाने के बाद एफआईआर

पैसों के लिए लगातार टालमटोल करने और कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा अन्य साइट पर काम चलने की बात कहने पर अजय ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के बारे में जानकारी जुटाई तब उन्हें अपने साथ ठगी होने के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद अजय ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टरों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### ओडिशा, छत्तीसगढ़ के वन अफसर कर रहे बाघ की मॉनिटरिंग

# उदंती का बाघ गोमर्डा का हुआ, शिकार की तलाश में ओडिशा के रास्ते लगातार मूवमेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

गोमर्डा अभयारण्य में ओडिशा के रास्ते भटककर पहुंचे उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व का बाघ एक पखवाड़े से गोमर्डा तथा ओडिशा के जंगल में मूवमेंट कर रहा है। वन अफसरों के मुताबिक गोमर्डा तथा ओडिशा के जंगल सटे होने की वजह से बाघ इधर से उधर हो रहा है।

अफसरों के अनुसार गोमर्डा में पर्याप्त संख्या में हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीवों की मौजूदगी से बाघ को अपने लिए शिकार की तलाश करने में कोई विशेष परेशानी नहीं हो रही। इस वजह से बाघ को गोमर्डा अभयारण्य पसंद आ गया है। जानकारों के मुताबिक ओडिशा तथा गोमर्डा अभयारण्य में बाघिन की मौजूदगी से क्षेत्र में बाघों का कुनबा बढ़ सकता है। गौरतलब है कि एक पखवाड़ा पूर्व बाघ को ओडिशा के सांभरदरहा (बारहपहाड़) जंगल से होते हुए गोमर्डा के झिंकीपाली में मवेशी का शिकार कर उसे खाते हुए ट्रैप कैमरा से ट्रैप किया गया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ के वन अफसरों ने इसकी जानकारी ओडिशा के वन अफसरों के साथ साझा करते हुए बाघ की मॉनिटरिंग शुरू की। बाघ की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इस दौरान देखा गया कि बाघ जंगल के रास्ते ओडिशा तथा गोमर्डा अभयारण्य के बीच में विचरण कर रहा है। अफसरों के अनुसार बाघ गोमर्डा के अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण करते देखा गया है।


छत्तीसगढ़-ओडिशा के जंगल में टाइगर का नया कॉरिडोर, उदंती का गायब बाघ गोमर्डा में दिखा

बाघ के बार नवापारा महासमुंद होते हुए वापस उदंती आने की संभावना

गोमर्डा में एक दशक के बाद ट्रैप कैमरे में आया बाघ

### टाइगर के भटकने का यह कारण हो सकता है

वन्यजीवों के जानकार तथा वरिष्ठ पत्रकार प्राण चड्ढा के मुताबिक उदंती, ओडिशा के रास्ते होते हुए गोमर्डा पहुंचने के कई कारण हो सकते हैं। इसमें प्रमुख कारण भोजन के लिए शिकार की तलाश। इसके अलावा व्यस्क होने की वजह से मेटिंग के लिए बाघिन की तलाश तथा बाघ जिस क्षेत्र में रह रहा था, उस क्षेत्र में उससे ज्यादा बलशाली बाघ होने पर नर बाघ अपने लिए नए टेरिटरी बनाने के लिए नए क्षेत्र में निकलता है।

### बाघिन की मौजूदगी से बन सकता है नया टेरिटरी

गोमर्डा अभयारण्य घना होने के साथ ही यहां पर्याप्त संख्या में हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीव है। इस क्षेत्र के जंगल में शेड्यूल-1 के वन्यजीवों को शिकार की कभी कमी नहीं होती। इसके चलते विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके वाइल्ड डॉग के अलावा तेंदुआ तथा अन्य कई प्रजाति के मांसाहारी वन्यजीव गोमर्डा अभयराण्य में बहुतायत में है। जानकारों के मुताबिक क्षेत्र के जंगल में बाघिन की उपस्थिति से गोमर्डा तथा ओडिशा के जंगल में बाघ का एक नया टेरिटरी बन सकता है।

### पौने तीन सौ किलोमीटर के दायरे में फैला है

गोमर्डा अभयारण्य 278 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। गोमर्डा से बलौदाबाजार, महासमुंद के बीच स्थित बारनवापारा तथा ओडिशा से सटा हुआ है। बारनवापारा तथा गोमर्डा अभयारण्य का कुल क्षेत्रफल सवा पांच सौ किलोमीटर हो जाएगा। इस लिहाज से यहां बाघ की बसाहट के लिए अनुकूल परिस्थिति है। गोमर्डा के साथ बारनवापारा के जंगल में भी पर्याप्त संख्या में हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीव हैं। वन अफसरों को कोशिश करना चाहिए की बाघ को गोमर्डा अभयारण्य में अनुकूल परिस्थिति मिलती रहे, इसके साथ ही बारनवापारा में पूर्ववर्ती सरकार ने जो बाघ बसाने का निर्णय लिया था, उसे तत्काल अमल में लाने की जरूरत है।

# वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा में छात्र छात्राओं ने लिया भाग



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का गोला फेंककर उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दी। यह जानकारी संस्था के क्रीड़ा अधिकारी प्रकाश चंद्रवंशी ने देते हुए बताया कि इस स्पर्धा का परिणाम छात्र वर्ग-100 मीटर दौड़ में मनीष साहू और वंश वर्मा, 200 मीटर दौड़, मनीष साहू, अजय कुमार विजेता रहे। इसी प्रकार गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, क्रिकेट आदि प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य ने सभी विजेता-उपविजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा में छात्र छात्राओं ने लिया भाग

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का गोला फेंककर उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दी। यह जानकारी संस्था के क्रीड़ा अधिकारी प्रकाश चंद्रवंशी ने देते हुए बताया कि इस स्पर्धा का परिणाम छात्र वर्ग-100 मीटर दौड़ में मनीष साहू और वंश वर्मा, 200 मीटर दौड़, मनीष साहू, अजय कुमार विजेता रहे। इसी प्रकार गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, क्रिकेट आदि प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य ने सभी विजेता-उपविजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

### सक्षम कर रहा जमीनी स्तर पर काम

**रायपुर।** सक्षम का प्रदेश अधिवेशन विगत दिनों हुआ। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से दिव्यांग भाई-बहन एवं सक्षम के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि के एडिशनल कलेक्टर उज्वल पोरवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को विभिन्न एप, वेबसाइट एवं सोशल नेटवर्क से रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की जानकारी एवं सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सक्षम के प्रयासों से हजारों की संख्या में दिव्यांगजनों को नौकरी उपलब्ध कराई गई है। व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करते हुए स्वरोजगार मुहैया कराया गया है। सक्षम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र शुक्ला ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना रहे। समापन समारोह के अंत में नियमित रूप से दिव्यांगजनों के लिए सेवा कार्य, रक्तदान करने वालों को सम्मानित किया गया।

### कबीरपंथी साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन 30 से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज का 3 दिवसीय राज्यस्तरीय वार्षिक अधिवेशन सेमरिया के छात्रावास भवन में 30, 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन में सामाजिक परिचर्चा, युवा कबीर सेवार्थी संघ सम्मेलन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा। प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या में कबीर भजनमाला विशेष आमंत्रित गायक एवं गायिका की ओर से पेश की जाएगी। समारोह में सभी वर्ग के लिए कबीर प्रश्न मंच प्रतियोगिता और विशिष्टजनों का सम्मान किया जाएगा। अध्यक्ष कन्हैयालाल साहू और सचिव संतोष साहू ने बताया कि पहले दिन शोभायात्रा, दूसरे दिन अतिथि स्वागत, युवा कबीर सेवार्थी संघ की ओर से विचार गोष्ठी एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा। तीसरे दिन प्रदेश व जिला पदाधिकारी एवं अन्य अतिथियों की ओर से सामाजिक चिंतन और उद्बोधन होगा।

पेज 9 का शेष

### रैली में देशभर...

काम किया। कांग्रेस पार्टी पर अनेक संकट आये पर कांग्रेस ने अपने विचार धारा से कभी समझौता नहीं किया। देश को आज कांग्रेस की जरूरत है। सभी लोग जुड़े और मिलकर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए स्थापना दिवस पर रैली में जरूर भाग लें।

# आधा दर्जन डाक्टरों के भरोसे आंबेडकर अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड, नहीं मिले नए चिकित्सा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेवा से अलग हुए सात चिकित्सा अधिकारियों की भरपाई नहीं होने की वजह से आंबेडकर अस्पताल की आपात चिकित्सा व्यवस्था आधा दर्जन डाक्टरों के भरोसे हो गई है। कम संख्या होने की वजह से ज्यादा डयूटी की वजह से एमएलसी मामलों में पेशी पर उपस्थित नहीं होने से बहुतों के गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुके हैं। कमियों का हवाला देकर चिकित्सा अधिकारियों द्वारा अस्पताल प्रबंधन से सहयोग की मांग की गई थी, जो अब तक उन्हें नहीं मिली है। आपात चिकित्सा के साथ मेडिको लीगल मामलों में इलाज के पहले प्राथमिक जांच की जिम्मेदारी निभाने के लिए अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है। प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में कुछ समय पहले तक 13 चिकित्सा अधिकारी तैनात थे, जो अलग-अलग शिफ्ट में डयूटी करते थे। ज्यादा संख्या होने पर वे अस्पताल में आपात चिकित्सा के साथ इलाज के लिए आने वाले मेडिको लीगल प्रकरणों में कोर्ट जाकर आसानी पेशी में उपस्थित हो जाते थे। पिछले कुछ समय में आंबेडकर अस्पताल में पदस्थ सात चिकित्सा अधिकारी सेवा से अलग हो गए और प्रशासनिक कार्यों के साथ नियमित ड्यूटी का भार आधा दर्जन चिकित्सा अधिकारियों पर आ गया है। चिकित्सकों के मुताबिक तीन-तीन शिफ्ट में उन्हें हर दूसरे दिन ड्यूटी करनी पड़ रही है, जिसकी वजह से वे एमएलसी प्रकरणों में कोर्ट की पेशी पर जाने का वक्त नहीं निकाल पा रहे हैं। इसकी वजह से कई चिकित्सकों का गिरफ्तारी वारंट तक जारी हो चुका है। उनका कहना है कि कम संख्या होने की वजह से दोपहर बाद उपचार के लिए आने वाले मरीजों के इलाज पर भी होता दिख रहा है। चिकित्सा अधिकारियों की कमी का हवाला देकर उनके द्वारा दो जूनियर डाक्टर सहयोग के लिए अस्पताल प्रबंधन से मांगा गया था, जो अब तक उन्हें नहीं मिले हैं।

## ड्यूटी के साथ एमएलसी प्रकरणों में पेशी का दोहरा भार

### ई-कोर्ट का मामला ठंडा

एमएलसी प्रकरणों में पेशी के लिए अदालत का चक्कर लगाने की समस्या से बचने के लिए आंबेडकर अस्पताल में काफी समय पहले ई-कोर्ट का संचालन करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से सारी तैयारी कर ली गई, मगर लिंक नहीं मिलने की वजह से मामला ठंडा पड़ गया। योजना के अनुसार रायपुर जिले के साथ अन्य जिलों के न्यायालय के प्रकरणों की सुनवाई भी यहां की जानी थी।





### एनीस्थिसिया से संबंधित विभाग

सूत्रों के मुताबिक आंबेडकर अस्पताल में आपात चिकित्सा का संचालन एनीस्थिसिया विभाग की मदद से किया जाता है। यहां का सिस्टम बनाने की जिम्मेदारी इस विभाग को दी गई थी। चिकित्सा अधिकारियों की कमी के संबंध में विभाग के जिम्मेदारों को अवगत कराया जा चुका है, मगर उनकी तरफ से अभी तक कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं किया गया है। आने वाले दिनों में इस विभाग के विस्तार की योजना भी बनाई गई है।

## सोसायटियों में प्रतिदिन 700 से 1600 क्विंटल तक खरीदी की सीमा

# धान खरीदी के लिए एक महीना ही बाकी, बिक्री के लिए मची होड़

**जिले में अब तक करीब 50 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार


छत्तीसगढ़ में चालू खरीफ सीजन में धान की खरीदी जारी है। सोसायटियों में रखने की जगह के हिसाब से धान खरीदी की सीमा होने के कारण कई किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के धान की मिंजाई हो चुकी है। खरीदी की सीमा तय होने के कारण अपनी बारी के इंतजार में किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं। धान खरीदी में अब कम समय बचे होने के कारण किसानों ने धान की कटाई पूरी कर ली है। जिले में अब तक लाखों क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। अब खरीदी के लिए एक माह का समय शेष है। मार्कफेड के अधिकारी बताते हैं कि खरीदी का लक्ष्य देखते हुए अंतिम तिथि शासन के निर्देश पर बढ़ाए जाने की संभावना है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सोसायटियों में धान की आवक बढ़ गई है। मार्कफेड सोसायटियों में खरीदी के साथ-साथ मिलरों से धान का उठाव भी करा रहा है। मार्कफेड ने सोसायटियों में रखने की जगह के हिसाब से एक दिन में खरीदी की सीमा तय कर दी है। छोटी सोसायटियों में एक दिन में 700 क्विंटल और बड़ी सोसायटियों में 1600 क्विंटल तक धान की खरीदी की जा रही है। सोसायटी में उतने ही किसानों का टोकन काटा जा रहा है, जितनी जरूरत है। खरीदी में अव्यवस्था न हो, इसे लेकर सोसायटी प्रबंधकों को निर्देश जारी किए गए हैं। अब प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का आदेश जारी होने के बाद किसान अपना धान जल्द बेचने मिंजाई पूरी कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।



### प्रतिदिन औसतन 500 क्विंटल खरीदी

मार्कफेड के अधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन औसतन 500 क्विंटल से अधिक धान खरीदी पूरे जिले में की जा रही है। नई सरकार के गठन के बाद धान की आवक में तेजी है। आने वाले समय में यह और बढ़ेगी। किसानों से गुणवत्तायुक्त धान लाने की अपील की जा रही है। कई जिलों में ज्यादा नमी वाले धान न लाने की हिदायत किसानों को दी गई है। सभी सोसायटियों में रखने की व्यवस्था के अनुसार खरीदी की जा रही है।

## एटीएम लॉकर नहीं तोड़ पाए तो चोर सीसीटीवी कैमरा अलार्म चोरी कर ले गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एटीएम का लॉकर तोड़ने में नाकाम होने पर चोर एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरा, अलार्म चोरी कर ले गए। बैंक प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। घटना रविवार-सोमवार दरमियानी रात डेढ़ बजे की है। पुलिस के मुताबिक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कोटा ब्रांच की मैनेजर सत्यवती बेहरा की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ एटीएम में तोड़फोड़ तथा चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। बैंक मैनेजर ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को बमलेश्वरी नगर मेन रोड स्थित एटीएम के अंदर एक अज्ञात चोर घुसा। उसने पहले एटीएम लॉकर वाले हिस्से के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की। लॉकर तोड़ने में सफल नहीं होने पर चोर ने एटीएम के अंदर लगे 2 सीसीटीवी कैमरे और अलार्म को उखाड़ दिया, जिससे उसकी पहचान न हो पाए। गुढ़ियारी टीआई के मुताबिक देर रात पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को एटीएम में तोड़फोड़ होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी ने बैंक मैनेजर को घटना की जानकारी दी।

■ घटना रविवार सोमवार दरमियानी रात गुढ़ियारी थाने की है

## जनता का भरोसा और विश्वास बनाए रखना मेरी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर के साहू भवन में मंगलवार को तहसील साहू संघ का बैठक आहूत की गई। इसमें साहू समाज ने विधायक संदीप साहू सहित चार पत्रकारों का सम्मान किया गया। तहसील साहू संघ के बैठक में तहसील क्षेत्र के भारी संख्या में साहू समाज के सामाजिक प्रकरणों के निराकरण के अलावा समाज के प्रमुखों ने समाज को आगे बढ़ाने समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा और समाज के प्रति जागरूक करने को लेकर बैठक में अहम मुद्दों पर गंभीर रूप से चर्चा की। इस दौरान विधायक संदीप साहू ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने चुनाव में भरपूर सहयोग दिया, जिसके कारण भारी मतों से जीत हासिल कर पाया।

आज क्षेत्र की जनता ने मुझे जिताकर भरोशा जताया है। मैं मतदाताओं के भरोसे में खरा उतरूंगा। साथ ही क्षेत्र में जो बोलूंगा वो जरूर करूंगा। मेरे फंडों में जीएसटी और सेल टैक्स नहीं लगता मैं जितना बोलूंगा उतना जरूर राशि दूंगा। इसके अलावा श्री साहू ने तहसील अध्यक्ष की मांग पर समाज के छत के लिए जो राशि खर्च होगी उसे देने की बात कही। इस दौरान साहू समाज ने उत्कृष्ट पत्रकारिता पर वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र साहू, भानु प्रताप साहू, जयप्रकाश साहू सहित हेमंत साहू का सम्मान भी किया। इस दौरान समाज के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहें।

■ साहू समाज की बैठक में शामिल हुए विधायक संदीप साहू





## रासेयो शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत मुंडा की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में प्रारंभ हुआ। शिविर की मुख्य मुख्य अतिथि सुमित्र बाई वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत मुंडा अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. लोकनाथ ध्रुव, विशिष्ट अतिथि कार्यालय प्रभारी भानु राम वर्मा रहे। इस वर्ष शिविर का केन्द्रीय विषय नशा मुक्त समाज के लिए युवा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रभारी प्राचार्य लोकनाथ ध्रुव ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि गोद ग्राम मुंडा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का भी गोद ग्राम है। इस वर्ष शिविर का विषय अत्यंत प्रासंगिक है जो कि लवन अंचल के युवाओं में नशा उन्मूलन की आवश्यकता पर जोर देता है। स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्थापित उच्च मानकों के अनुरूप कार्य करें। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि 26 दिसंबर से 01 जनवरी तक विभिन्न ग्रामों से आए स्वयंसेवक सात दिवसों तक पारिवारिक वातावरण में ग्राम हित के कार्य करेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना वसुधैव कुटुंबकम् की परिचायक है। शिविरार्थी स्वयंसेवक परियोजना कार्य के साथ ही बौद्धिक विकास के कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। राज्य रासेयो अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई, कार्यकम समन्वयक रासेयो पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. एल एस गजपाल एवं जिला संगठक डॉ. सुनीता त्यागी ने शिविर संचालन के लिए आभार जताया।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन | पर्सनल लोन | होम लोन | कार लोन | मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## पदयात्रा का पुष्प वर्षा एवं फटाका फोड़कर स्वागत

# शराब छोड़ाबो-गांव बचाबो पदयात्रा पहुंच रही गांव-गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शराब छोड़ाबो गांव बचाबो पदयात्रा का द्वितीय दिवस समाजसेवी पूर्व जिला पंचायत सभापति मुरारी मिश्रा की पदयात्रा टोनाटार से नवांगांव, खैरी, बोरसी ध पहुंची, जहां लोगों द्वारा मुरारी मिश्रा का जोरदार स्वागत किया गया। लोगों द्वारा पुष्प वर्षा एवं फटाका फोड़कर स्वागत किया गया। मुरारी मिश्रा ने उक्त ग्रामों में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के गांव-गांव के अलावा हिंदुस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जिन्होंने कभी अपने जीवनकाल में भ्रष्टाचार को बढ़ावा नहीं दिया और सुचीता की राजनीति की, अटल बिहारी बाजपेयी ने अपने शासन काल में एक मत से हारना स्वीकार किया, लेकिन एक सांसद खरीदना स्वीकार नहीं किया। इस कारण ही आज सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन का अर्थ सिर्फ रंगमंच, सामुदायिक भवन, सीसी रोड बनवाना नहीं, बल्कि जब तक गांव-गांव में पूर्ण शराबबंदी नहीं होगी, जब तक बड़े-बुजुर्गों का सम्मान नहीं होगा, तब तक सही मायने में सुशासन नहीं माना जा सकता।

उनके कार्यक्रम में ग्राम टोनाटार से दौलत कुंजाम, गुलशन बिजौरा, राजेश धृतलहरे, मंजु वर्मा, सरस्वती वर्मा, राहुल धृतलहरे, दीपक यादव, सरपंच प्रतिनिधि बुद्धेश ध्रुव, गैंदराम वर्मा, राकेश साहू, बाजेलाल दिवाकर, नवांगांव से रवि वर्मा, दौलत विश्कराम, भीम वर्मा, धनिराम निषाद, बूदेसवार साहू, लक्ष्मण वर्मा, केसरी वर्मा, गणेश साहू, गोपी साहू, ऐसमा साहू, प्रेमिन वर्मा, खैरी से गोवर्धन यदु, सुनीता सेन, भागवत प्रसाद सेन, पवन यदु, प्रकाशा बाई, जय प्रकाश यादव, छत्रदास मानिकपुरी, बालमुकुंद वर्मा, दुलेश्वर वर्मा, सरपंच प्रहलाद दास मानिकपुरी, मन्नुलाल यादव, रामदुलार वर्मा, बोरसी से शेखर यदु, रोशन वर्मा सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645
मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### 3100 रुपए प्रति क्विंटल दर से धान नहीं खरीद पा रही भाजपा सरकार

रायपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार बनाने के पहले भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने की घोषणा की थी, लेकिन वर्तमान में किसानों को पतले धान पर 2203 रुपए व मोटे धान पर 2183 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर भुगतान किया जा रहा है। अपने वादे को भुलाते हुए धान खरीदी जैसे संवेदनशील मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। किसानों को विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के नेताओं ने 3100 रुपए एवं 3200 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी का वादा किया था।



### खोखोपारा में मनाई अटल जयंती



रायपुर। राजधानी के पुरानी बस्ती खोखो पारा में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वगीर्य अटलबिहारी बाजपेई की जयंती मनाई गई। इस मौके पर गरीब व जरूरमंदों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहन ठाकुर, राजेंद्र पारख, योगेंद्र ठाकुर, महादेव तिवारी, नितिन झा, बलदाऊ मिश्र, रमेश साहू, मनोज ठाकुर, चंद्रशेखर ठाकुर, श्रीकांत शुक्ला शुभम सोनी, सतीश यादव एवं समस्त पुरानीबस्ती महंत लक्ष्मीदास वार्ड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साहू व्यापार प्रकोष्ठ की बिजनेस डायरेक्ट्री का विमोचन



रायपुर। शहर जिला साहू व्यापार प्रकोष्ठ ने व्यापार एक्सपो-2023 का आयोजन किया। इसमें 50 से भी अधिक स्वजातीय व्यापारी बंधुओं ने अपने स्टॉल लगाए। व्यापार एक्सपो का उद्घाटन रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता छोटेलाल साहू, छत्तीसगढ़ी लोक गायिका आरू साहू थीं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच जहुंरिया के कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। साहू व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सूरज साहू ने बताया कि प्रदेश में पहली बार बिजनेस डायरेक्ट्री का प्रकाशन किया गया। इसका विमोचन विधायक मोतीलाल साहू एवं छोटेलाल साहू ने किया। इस अवसर पर रामबगस साहू, किरण साहू, नागेश्वर साहू, राज साहू, मैकमिलन साहू, हेमंत साहू, शेखर साहू, गोपाल साहू, सुखदेव साहू, हर्षा साहू, खुशी साहू, सोनिया साहू, मंतराम साहू, मंगतूराम साहू, डॉ. रितेश साहू, डॉ. शिल्पा साहू, डॉ. गायत्री साहू, विनोद गुप्ता, विनय साहू, अक्षय साहू उपस्थित रहे।

# गुरु घासीदास ने दिया मनखे-मनखे एक समान का संदेश

## अहिल्दा और पंडरिया में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए विधायक संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

विधायक संदीप साहू ने कसडोल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अहिल्दा में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक सहित अतिथियों ने सर्वप्रथम जैतखाम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधायक संदीप साहू ने बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांतों एवं आदर्शों पर चलने के लिए लोगों से आग्रह किया। उन्होंने कहा बाबा गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का नारा दिया था, अर्थात हम सब को एक साथ मिलकर रहना चाहिए। किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रखना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर अहिल्दा ग्रामवासियों की मांग पर अहाता निर्माण की घोषणा की। पश्चात ग्राम पंडरिया में भी बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम समारोह में शामिल हुए। वहां भी ग्राम वासियों की मांग पर रंग मंच अधूरा कार्य को पूरा करने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, देवीलाल बार्वे, प्रताप डहरिया, सतीश पांडेय, कोमल वर्मा, नरेंद्र वर्मा, रूपचंद मनहरे, कलीराम पटेल, ओमप्रकाश प्रभुआ,धर्मेंद्र खूंटे, अंकित साहू, कुशल ढिढि, कृष्ण कोसले, सरपंच पदमा निराला, योगेश निराला, साधराम पटेल, संतोषी बाई साहू, रामप्रसाद साहू, टीकाराम साहू, मुरली साहू, रामलाल पैकरा, नंदकुमार पैकरा, अक्षत मिश्रा, अभय तिवारी, भगत कोशले, शंभु डहरिया, जगत कोशले सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



### सेमरा में 28 को गुरु घासीदास जयंती

गिधौरी। ग्राम सेमरा में गुरु घासीदास बाबा का एक दिवसीय जयंती समारोह का आयोजन 28 दिसम्बर को रखा गया है। इसमें समाज प्रमुख, सामाजिक कार्यकर्ता, राजमहंत, महंत, साधुसंत, लेखक, बुध्दिजीवी, पंथी पार्टी कोसिदर को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान गुरुवार 10 बजे सुबह निबंध लेखन, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता और 11 बजे प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण तथा दोपहर बाद शोभायात्रा निकाली जायेगी और सतनाम भवन उदघाटन करेंगे। उसके शाम 5 बजे ध्वजारोहण किया जावेगा और रात्रि में पंथी पार्टी प्रस्तुति होगी। बाबा गुरुघासीदास जयंती समारोह के अध्यक्ष सुशील दिव्य, उपाध्यक्ष परदेशी दिव्य, सचिन मधचकर, सचिव रामकुमार घृतलहरे, विजय बंजारे, सहचिव महेंद्र दिव्य, बसंत निराला, विवेक कुर्रे, कोषाध्यक्ष अजय काटले, विकास बंजारे, मनोज दिव्य, मीडिया प्रभारी अमितेष निराला, विशाल, संचालक आर बंजारे, पुजारी गंगाराम घृतलहरे, चौतराम निराला बनाए गये हैं। क्षेत्र के समाज प्रमुख एवं पंथी पार्टी को भारी संख्या में आने की अपील की गई है।

## शोभायात्रा में शामिल हुए नगरवासियों ने लगाया जय श्रीराम का नारा

# अयोध्या से पहुंचा अक्षत कलश नगर में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



नगर पंचायत भटगांव में दिव्य अक्षत कलश की भव्य शोभायात्र सोमवार को धूमधाम से निकाली गई। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नगरवासी व क्षेत्रवासी सम्मिलित होकर शोभायात्रा का आनंद लिए। पूरा नगर श्रीराम धुन में एवं घर घर भगवा छाएगा राम राज्य फिर आएगा, एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम का नारा से गूंज उठा। वहीं श्रीराम दरबार का स्वागत चौक चौराहों में आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा के साथ हुआ। सभी वर्ग के लोग यात्रा में शामिल हुए। बच्चे से लेकर बूढ़े, किसान से लेकर व्यापारी, पत्रकार साथी, सभी समितियों के सदस्य, सभी समाज के सदस्यगण, भाजपा कार्यकर्ता शोभायात्रा में सम्मिलित होकर श्रीराम की धुन में मग्न होकर नाचते झूमते नजर आये। वहीं शोभायात्रा के दौरान कार्यक्रम में विधायक कविता प्राण लहरे शामिल होकर श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना की। भटगांव नगर में अयोध्या से पुजित अक्षत कलश की शोभायात्रा में 75 अक्षत कलश को माताओं एवं बहनों द्वारा सिर पर धारण कर श्रीराम मंदिर दरबार की झांकी, कीर्तन मंडली, डीजे, बाजे गाजे के साथ नगरवासी एवं आसपास गांव से हजारों श्रद्धालुगण पहुंचकर शोभायात्रा में शामिल हुये। लगभग 2–3 किमी की नंगे पैर माताएं एवं बहनें शोभायात्रा में नगर का भ्रमण किये और 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा हेतु सभी 15 वार्ड एवं भटगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले 70 गांव के लिये आमंत्रण हेतु अक्षत कलश का वितरण भी किया गया।

वहीं नगर के प्रत्येक घरों के द्वार पर रंगोली, कलश, दीपक सजाकर रखें थे और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत करते हुये श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना की। शोभा यात्र गायत्री मंदिर से प्रारम्भ हुई और बस स्टैंड, देवांगन मोहल्ला, राजापारा ढाबा चौक, हाथी थान चौक, जायसवाल मोहल्ला, आम्बेडकर चौक, कदम चौक, मौलीमाता चौक, पुराना हटरी गांधी चौक, नया हटरी शीतला चौक होते हुये श्रीराम मंदिर शनि मंदिर चौक पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। वहीं शोभायात्रा में बच्चों को थाना प्रभारी अमृत भार्गव चॉकलेट बांटते नजर आये। कार्यक्रम का समापन महंत राम कुमार दास ने अपने दिव्य उद्बोधन के साथ किया। अक्षत कलश शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिये सभी नगरवासियों का भरपूर सहयोग रहा।

# अमलीतालाब के बच्चों ने किया भरुवाडीह कला का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्राथमिक शाला विद्यामंदिर अमलीतालाब के विद्यार्थियों द्वारा मां बंजारी धाम खपरी (मढ़ी) एवं इंदिरा प्रियदर्शनी नेचर सफारी मोहरेंगा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरुवाडीह(कला) आगमन हुआ। प्रधानपाठक डीके वर्मा एवं विद्यालय परिवार द्वारा आगंतुक विद्यार्थियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। विदित हो कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरुवाडीह(कला) साल में पूरे 365 दिन लगने वाला स्कूल है, जो हरियाली एवं प्राकृतिक सुंदरता से आच्छादित है, जिसे देखकर आगंतुक विद्यार्थी खुशी से भाव विभोर एवं मंत्रमुग्ध हो गए। विद्यालय में लगे छत्तीसगढ़ महतारी, भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई की मूर्तियों एवं पानी के फव्वारा को देखकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस भ्रमण कार्यक्रम में डीके वर्मा, वीके वर्मा, केके साहू, नेमचंद धीवर, लोकेश कुमार यादव, बिरेन्द्र कुर्रे, सोनिया लहरें, रुपेंद्र ढीढी, संजय, राधे, कुमारी एवं लक्ष्मी घृतलहरे का विशेष योगदान रहा।

# रासेयो के छात्र स्वच्छता अभियान में कर रहे साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय का सात दिवसीय विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का ग्राम परसदा (क) में 24 से 30 दिसबंर तक आयोजित किया गया हैं। इस शिविर में 18 स्वयंसेवी छात्र एवं 34 स्वयंसेवी छात्राएं सम्मिलित है। शिविर का विधिवत उद्घाटन ग्राम परसदा (क) के सरपंच मिथलेश साहू, समस्त पंचगण एवं ग्राम के वरिष्ट नागरिकों के उपस्थिति में संपन्न हुआ। उद्घाटन कार्य के उपरांत एनएसएस प्रभारी द्वारा दलनायकों एवं ग्रुप दलनायकों का गठन किया गया। इसमें दलनायक लक्की वर्मा, नीलिमा निषाद, उपदलनायक थामस बघेल, तनु धीवर, वहीं ग्रुप दलनायक में भगत सिंह, घनश्याम चक्रधारी, सुभाष चंद्रबोस, दल प्रशांत देवांगन, रानीलक्ष्मी बाई, अनामिका यादव, दुर्गावती, लीशा साहू, कल्पना चावला, भावना मानिकपुरी, अवंती बाई दल, घनिष्ठा चंद्राकर एवं सरोजनी नायडू दल से पूजा यादव को चयन किया गया।

■ आयोजित शिविर में 18 छात्र एवं 34 छात्राएं अलग-अलग ग्रुप में शामिल

ग्रुप विभाजन होने के उपरांत एनएसएस के दैनिक दिनचर्या अनुसार कार्य करने की दिनचर्या प्रारंभ की गई। इसी तारतम्य में द्वितीय दिवस परियोजना कार्य के लिए दलों को कार्य का विभाजन किया गया, जिसमें रानी लक्ष्मी बाई दल, दुर्गावती दल, कल्पना चावला दल एवं अवंतीबाई दल ने ग्राम के मुख्य तालाब की कचड़ा सफाई, तालाब के चारों तरफ स्वच्छता कार्य किया। भगत सिंह दल, नवनिर्मित रंगमंच में मुरम समतली करण का कार्य एवं सरोजनी नायडू दल मुक्तिधाम पर स्वच्छता कार्य संपन्न किए।

### मवेशियों को टीका और उपचारात्मक कार्य में कर रहे सहयोग

साथ ही साथ शिविर के माध्यम से ग्राम के पशुओं के परीक्षण एवं उपचारात्मक कार्य हेतु आमंत्रित किए गए थे, जिसमें पशु पालन विभाग द्वारा ग्राम परसदा (क) के पशु पालकों के घर जाकर टीका और अन्य उपचारात्मक कार्य किए, जिसमें पशु उपचार 9, दवा वितरण 250, बधियाकरण 1, जुनाशक दवा 143, कृमिनाशक 45, लांबा ग्राम 1, लांभा हित 15 की उपचारात्मक कार्य किए। इस चिकित्सक कार्य में रश्मि गुप्ता पशु चिकित्सा सहायक अधिकारी, सी.एल.देवांगन पशु चिकित्सा सहायक अधिकारी, सुनील फील्ड आफिसर, मनहरण साहू गौरक्षक सहित पशु चिकित्सा की टीम मौजूद थीं। पशु चिकित्सा संबंधी उपचारात्मक कार्य पूर्ण होने के उपरांत स्वयंसेवी छात्रा-छात्राओं को पशु चिकित्सा संबंधी विभिन्न जानकारी भी दिए, जिसमें पशुओं की विभिन्न प्रजातियों के बारे में बताएं। इस शिविर को सफल बनाने के लिए निरंतर सहयोग ग्राम के सरपंच मिथलेश साहू, उपसरपंच छगन साहू, पंचगण प्रभात साहू, रामहीन बाई साहू, गंगोत्री साहू, गया प्रसाद साहू, सुखवंतीन साहू, सुमित्र डहरिया, कांति साहू, मोहित साहू, श्यामा बाई धीवर, मोतिम बाई साहू एवम ग्राम पंचायत सचिव ललित चंद्राकर का है। इस शिविर के कार्यक्रम अधिकारी शाहिना परवीन, कार्यक्रम सहायक अमर बर्मन है।

# आदर्श स्कूल के छात्रों ने बनाया आकर्षक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आदर्श पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार में सोसाइटिक्स एस्पो 2023 का आयोजन प्राचार्य सुनीता बहादुर के मार्गदर्शन में हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के डायरेक्टर आकाश अग्रवाल एवं अग्रवाल मैडम की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने प्रतिभागी छात्र–छात्राओं के मॉडल की जमकर सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। आज के इस आयोजन में डीडब्लूपीएस भाटापारा के प्राचार्य योगेश पोपट ने शाला के प्रतिभागी छात्र–छात्राओं की जमकर सराहना की।

कार्यक्रम में आए छात्र–छात्राओं के पालक ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने शाला के शिक्षकों की भी सराहना की। उनका मानना है कि यहां पर हमारे बच्चों को पढ़ाई, संगीत, कराटे के अलावा बच्चों को यहां पर शिक्षकों द्वारा घर जैसा माहौल और प्यार दिया जाता है।

आदर्श पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रदर्शन किए गए मॉडल में नर्सरी–इंद्रियों, एलकेजी–यातायात के संकेत और हमारा पड़ोस, यूकेजी–खाद्य श्रृंखला, मकान के प्रकार, कक्षा पहली–विभिन्न धर्मों के पूजा स्थल, कक्षा दूसरी–सौर परिवार, मौसम के प्रकार, जलने के लिए वायु की आवश्यकता, शहर को आकार दें, कक्षा तीसरी–प्रयोग, वन्य जीव अभ्यारण, कक्षा चौथी–सोलर कुकर, एटीएम, दिन रात, जैतखाम, कक्षा पांचवी–जल चक्र, रस्सी का मार्ग, पृथ्वी का भौतिक मानचित्र, कक्षा छठवीं–गति का प्रकार, पानी साफ करने का मशीन, पवन चक्की, वर्षा जल संचयन एवं प्रकाश संश्लेषण, कक्षा सातवीं–सैटेलाइट, हेल्थ क्लब, खुदाई के यंत्र, कक्षा आठवीं–हरपा बाध, मैथ्स पार्क, स्मार्ट शहर, कक्षा नवमी–नदी साफ करने वाला यंत्र, न्यूटन का तीसरा नियम होलोग्राम।

छात्र–छात्राओं ने बहुत ही प्रभावशील शब्दों में अपने–अपने मॉडल का व्याख्यान किया। आयोजन लगभग 4 घंटे अनवरत चलता रहा। आज के इस आयोजन को सफल बनाने में शाला के सभी छात्र–छात्राओं और सारे शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।






# कुकदा के छात्रों ने किया गुलाबी शहर जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

सर्वहितकारिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकदा पलारी के छात्र-छात्राओं ने गुलाबी शहर के नाम से जाने जाना वाला राजस्थान के जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण में मुख्य रूप से हवा महल, अल्बर्ट म्यूजियम, आमेर किला, सिटी पैलेस, जन्तर मन्तर, शीश महल, ईशर लाट आदि स्पार्ट का बच्चों ने भ्रमण कर आनंद लिया। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के संचालक राम रंग वैष्णव समिति के अध्यक्ष दुलारी वैष्णव, मृणालिनी वैष्णव, प्राचार्य मेम शीला शुक्ला, प्रज्ञा वैष्णव, कृष्ण कुमार यादव, नेहा चन्द्राकर, भवानी पटेल, कौशिल्या डहरिया, वर्षा साहू, योगेश्वरी भतपहरी, भोज राम साहू, हर्षु फेकर दुकलहीन दीदी और लगभग 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।